**Dabang Dunia (Indore), 22nd July 2021, Page-2**

# आईआईटी इंदौर और देवी अहिल्या विवि के साथ किया एमओयू

इंदौर। अटलबिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान भोपाल ने मंगलवार को आईआईटी इंदौर और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के साथ एमओयू किया। विश्वविद्यालय के साथ एमओयू में सुशासन संस्थान की सीईओ श्रीमती जी.व्ही. रश्मि और विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. अनिल शर्मा ने हस्ताक्षर किये। आईआईटी इंदौर के साथ एमओयू में सुशासन संस्थान की सीईओ श्रीमती जी.व्ही. रश्मि और आईआईटी इंदौर के डीन डॉ. आई.ए. पलानी ने गत दिवस भोपाल में हस्ताक्षर किये। इस दौरान सुशासन संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. सचिन चतुर्वेदी, आईआईटी इंदौर के डायरेक्टर प्रो. नीलेश कुमार जैन और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. रेनू जैन उपस्थित थीं। प्रो. चतुर्वेदी ने कहा कि इस एमओयू से तीनों संस्थान लाभान्वित होंगे।